समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# ग्लोबल मार्केट मे 67 डॉलर के करीब पहुंची कच्चे तेल की कीमते, आखिर क्यों बढ़ रहा है क्रूड ऑयल का भाव ?

Publisher
Published on 09 Jun 2025



## दुनियाभर के बाजारों मे एंक बार फिर से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों मे तेजी देखने को मिल रही है। ब्रेटं क्रूड का भाव 66.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुका है, वहीं इंटरमीडिएट क्रूड भी 1 सेटं बढ़कर 64.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इस बढ़त के पीछे कई **भूराजनीतिक** और **आर्थिक कारण** हैं, जिनका असर अब आम उपभोक्ताओं पर भी दिखाई दे रहा है। आइए जानते हैं कच्चे तेल के भाव में बढ़ोतरी के पीछे के प्रमुख कारण:

**अमेरिका-चीन बातचीत का प्रभाव**
बीते शनिवार को **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** और **चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग** के बीच लगभग **90 मिनट** तक फोन पर बातचीत हुई। इसके बाद ट्रंप ने जानकारी दी कि **चीन अमेरिका मे रेयर अर्थ एलिमेट्ंस (REEs)** की शिपमेंट फिर से शुरू करने के लिए तैयार हो गया है।

**REEs का तेल** और **गैस उद्योग** में भी व्यापक उपयोग होता है, जैसे कि ड्रिलिंग मशीनें, पंप आदि के निर्माण में। अप्रैल में चीन द्वारा REEs के निर्यात पर रोक लगाए जाने से इस उद्योग पर असर पड़ा था, जिससे तेल की कीमतों पर भी दबाव बना था।

अब **REEs** की आपूर्ति बहाल होने से स्थिति थोड़ी सुधरी है, लेकिन बाजार में अस्थिरता बनी हुई है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध का असर

तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे **रूस-यूक्रेन युद्ध** का बड़ा योगदान है।
हाल ही में यूक्रेन ने रूस के हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला किया और इसके जवाब में रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया।

इस संघर्ष से रूस से तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी हुई है। **रूस वैश्विक क्रूड ऑयल** सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा करता है।
यूक्रेन के रूसी रिफाइनरियों को निशाना बनाने की खबरों से तेल के दाम में और तेजी आ सकती है।

### OPEC प्लस का फैसला हुआ नजरअंदाज

**OPEC प्लस देशों** ने हाल ही में **4.11 लाख बैरल** प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया था। लेकिन भूराजनीतिक तनावों और **रूस-यूक्रेन** संकट के कारण बाजार ने इस बढ़ोतरी को फिलहाल नजरअंदाज कर दिया है।

इसके चलते अमेरिकी कच्चे तेल की कीमतें दो हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों की धारणा फिलहाल तेल की सप्लाई में अनिश्चितता को लेकर सतर्क बनी हुई है।

### भारत मे पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट

ग्लोबल मार्केट में तेल की कीमतों में तेजी का असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। आइए देखें देश के चार प्रमुख महानगरों में आज का पेट्रोल और डीजल का भाव:

| **शहर** | **पेट्रोल (₹/लीटर)** | **डीजल (₹/लीटर)** |
|---|---|---|
| दिल्ली | ₹94.72 | ₹87.62 |
| मुंबई | ₹103.44 | ₹89.97 |
| चेन्नई | ₹100.76 | ₹92.35 |
| कोलकाता | ₹104.95 | ₹91.76 |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.